सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

DGR Detective Group Report

वर्ष : 10 अंक : 199 | इंदौर, सोमवार 03 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भारत डोनाल्ड ट्रंप के शुरू किए टैरिफ वॉर से बच निकला

### ऐसे किया इंटरनेशनल खेल



**नई दिल्ली, एजेंसी। नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एंट्री के साथ ही अमेरिका का चीन, कनाडा और मैक्सिको जैसे देशों के साथ टैरिफ वॉर शुरू हो गया है। ट्रंप की तरफ से BRICS देशों के चेतावनी दिए जाने का बाद कहा जा रहा है कि भारत में चिंता का माहौल बन रहा था। हालांकि, अब खबरें हैं कि भारत और अमेरिका बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझा रहे हैं और टैरिफ वॉर की मार भरत पर पड़ने की संभावनाएं कम हैं।**

हिन्दुस्तान टाइम्स से बातचीत में मामले के जानकार एक शख्स ने कहा कि भारत अपने सहयोगियों की तरफ से उठाए गए किसी भी मुद्दे से प्राथमिकता से निपटता है। साथ ही अमेरिका को विशेष रणनीतिक महत्व देता है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन की तरफ से खास व्यापार मुद्दा नहीं उठाया गया है। वहीं, मैक्सिको और कनाडा के मामले में अवैध अप्रवासियों का मुद्दा बड़ा है।

उन्होंने कहा, 'वॉशिंगटन ने BRICS देशों को चेताया है, जहां भारत भी ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ सदस्य है। लेकिन भारत ऐसे किसी फैसले का हिस्सा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'भारत और अमेरिका का रिश्ता आपसी विश्वास पर टिका हुआ है।' साथ ही नई दिल्ली ऐसे किसी कदम पर विचार नहीं कर रहा है, जिससे वॉशिंगटन को परेशानी हो।

## फर्जी कॉल आया खुद को फ्रॉड से बचाओ... बहन की लिरिक्स पर IPS अफसर भाई ने दी सुरीली आवाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल, यह गाना तो आपने सुना ही होगा। इसी तर्ज पर साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए एक गाना आया है। इंदौर के आईपीएस अफसर की बहन ने साइबर अपराधियों से बचने के लिए एक गाना लिखा है। बहन की लिरिक्स पर उनके आईपीएस अफसर भाई ने आवाज दी है। गाने का सुर है कि 'फर्जी कॉल आया खुद को फ्रॉड से बचा'।**

मध्य प्रदेश में साइबर अपराधों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ठग नित नए तरीके अपनाकर भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश पुलिस ने एक फरवरी से 11 फरवरी तक विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी अभियान के तहत यह जागरूकता गीत तैयार किया गया है, जिसे सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इस गीत को उनकी बहन दिशा मिश्रा ने लिखा है, जो कविता लेखन में विशेष रुचि रखती हैं और कई पुरस्कार भी जीत चुकी हैं।

# महाकुंभ: अब तक 35 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, तीसरा अमृत स्नान जारी

### CM योगी खुद सुबह 3.30 बजे से कर रहे मॉनिटरिंग



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर अखाड़ों के डुबकी लगाने का क्रम जारी है. सबसे पहले नागा साधुओं ने डुबकी लगाई. इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा और जूना अखाड़ा स्नान कर चुका है. बाकी अखाड़ों के स्नान का क्रम भी जारी है.

आज क्राउड मैनेज करने के लिए ऑपरेशन इलेवन चलाया जा रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह योजना बनाई गई है, जिसकी निगरानी सुबह 3.30 बजे से खुद सीएम योगी कर रहे हैं. श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से वन वे रूट तैयार किया गया है. इसके अलावा पांटून पुलों पर मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसका भी विशेष इंतजाम किया गया है. सबसे खास बात ये है कि त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जा रहा है, जहां सीनियर अफसर भी टीम के साथ तैनात है. इसके साथ ही बैरिकेडिंग की तादाद भी बढ़ाई गई है. बता दें कि अब तक 35 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान के मौके पर सुबह आठ बजे तक 62 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया. अब तक महाकुंभ में 35 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था. एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई थी.

### सीएम मोहन यादव ने कर दी बड़ी घोषणा

# 12वीं के छात्रों को बहुत जल्द मिलेगा लैपटॉप और स्कूटी

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जापान से लौटते ही छात्रों को लेकर एक बड़ी घोषणा कर दी है। सीएम ने कहा है कि पिछले साल पास हुए छात्रों को सरकार लैपटॉप देगी। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों को स्कूटी भी दिया जाएगा। मोहन यादव ने यह घोषणा रविवार को भोपाल में की है।**

दरअसल, सीएम मोहन यादव जापान की यात्रा से 4 दिन बाद शनिवार को अपने देश लौटे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने काम पर ध्यान दिया है। हम सभी स्कूलों की सभी योजनाओं के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुझे इस बात का भी संतोष है कि हमने अपनी सरकार की किसी भी योजना के मूल स्वरूप को बदलने नहीं दिया और न ही उसमें कोई ढील दी'

### स्कूटी भी देंगे

सीएम ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को



हम बहुत जल्द लैपटॉप की राशि देने वाले हैं। साथ ही साथ जो बच्चे स्कूल स्तर पर प्रावीण्य सूची में शामिल हुए हैं अपने हायर सेकेंडरी स्कूल से ऐसे बच्चों को हम स्कूटी भी देने जा रहे हैं। हम अपनी मूल योजना के अंतर्गत बच्चों को यह सौगात देंगे।

**अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे बच्चे-** बता दें कि शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में इस योजना की शुरुआत की गई थी। इसमें 12वीं क्लास में 75 फीसदी से ज्यादा नंबर पाने वाले छात्रों को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर एक कार्यक्रम में 78 हजार छात्र छात्राओं के खाते में 196 करोड़ रुपए भेजे गए थे। साथ में यह भी कहा गया था कि अगले साल से स्कूटी और लैपटॉप दिया जाएगा। 90 हजार बच्चे इसका इंतजार कर रहे थे। ये कभी कलेक्टर तो कभी मंत्री के बंगले का चक्कर काट रहे थे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी इसको लेकर मोर्चा खोल दिया था।

# अध्यक्ष बनने से चूके नेताओं की अब निगम मंडलों पर नजर...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आखिरकार भाजपा र जिलाध्यक्ष की नियुक्ति हो गई। संगठन को इसके लिए सबसे ज्यादा मशक्कत करना पड़ी। दौड़ में आधा दर्जन से ज्यादा नेता शामिल थे, लेकिन मौका मिला सुमित मिश्रा और श्रवण सिंह चावड़ा को। नगर अध्यक्ष बनने से वंचित नेता अब संगठन से निगम मंडलों में पद देने पर दबाव बना सकते है। अभी तक सरकार ने कई निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां नहीं की है। इंदौर विकास प्राधिकरण के राजनीतिक बोर्ड में जाने के लिए कई नेता प्रयास कर रहे है।**

अध्यक्ष पद के लिए मुकेश राजावत, दीपक जैन टीनू, और नानूराम कुमावत ने भी जोर लगाया था। अब संगठन इंदौर विकास प्राधिकरण में इन नेताओं को एडजेस्ट कर सकता है। अध्यक्ष के अलावा दो उपाध्यक्ष सहित दस लोगों को राजनीतिक बोर्ड प्राधिकरण में रहता है। डेढ़ साल से अभी राजीनिक नियुक्तियां प्राधिकरण में नहीं हुई है। इसके अलावा हाऊसिंग बोर्ड, नेहरु युवा केंद्र सहित अन्य मंडलों के पदों पर भी अब जल्दी ही सरकार नियुक्ति कर सकती है। नगर अध्यक्ष पद पर सुमित मिश्रा काबिज हो गए, लेकिन सभी गुटों को साधना और उनका विश्वास अर्जित करना उनके लिए चुनौती होगा। मिश्रा की गिनती विजयवर्गीय गुट में होती है। जाहिर सी बात है कि मिश्रा का इस गुट के प्रति झुकाव रहेगा, लेकिन दूसरे गुटों को नहीं साधा तो फिर विरोधियों की टीम तैयार होने में देर नहीं लगेगी। दस वर्षों में इंदौर में बने नगर अध्यक्षों ने विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी भी की, लेकिन सभी को मौका नहीं मिला। दावेदारी के कारण विधायकों को जब खतरा महसूस होने लगता है तो फिर वे नगर अध्यक्षों को सहयोग नहीं करते। मिश्रा को इससे भी बचना होगा। पूर्व अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने भी इंदौर के तीन विधानसभा क्षेत्रों से टिकट मांगे थे। उन्हें टिकट तो नहीं मिला, लेकिन विधायकों ने उन्हें रिपीट होने की राह भी मुश्किलें पैदा कर दी थी।

## इंदौर एयरपोर्ट पर जनवरी में रचा इतिहास

# यात्रियों और उड़ानों की संख्या ने तोड़ा रिकॉर्ड

### रात की उड़ानों पर रोक के बावजूद यात्री संख्या में इजाफा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से जुड़ी एविएशन इंडस्ट्री के लिए जनवरी महीना बेहद सफल रहा। जनवरी में इंदौर से 3.77 लाख से ज्यादा यात्रियों ने हवाई सफर किया, जो इंदौर के 88 सालों के हवाई इतिहास में एक महीने में यात्रियों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके साथ ही उड़ानों की संख्या भी रिकॉर्ड बनाते हुए 2800 के आंकड़े को पार कर गई।**

इंदौर से जनवरी में बने इस रिकॉर्ड का खुलासा एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी माह में इंदौर से कुल 2,861 उड़ानों का संचालन हुआ,




जिसमें 3,77,207 यात्रियों ने सफर किया। जबकि दिसंबर में 2,686 उड़ानों से 3,66,775 यात्रियों ने यात्रा की थी। इस प्रकार, जनवरी में दिसंबर के मुकाबले 175 उड़ानें और 15,432 यात्री ज्यादा सफर पर निकले। यह आंकड़े इंदौर की एविएशन इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण विकास के संकेत हैं, जिसमें उड़ानों की संख्या में 6.5 प्रतिशत और यात्रियों की संख्या में 4.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रात की उड़ानों पर रोक के बावजूद यात्री संख्या में इजाफा हुआ है। ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव अमोल कटारिया के अनुसार, 28 अक्टूबर से लागू किए गए विंटर शेड्यूल के तहत रनवे के सुधार कार्य के कारण रात 12 से सुबह 6 बजे तक उड़ानों का संचालन नहीं हो रहा है। इसके बावजूद एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या और उड़ानों का बढ़ना एक बड़ी बात है। यह सिर्फ एविएशन इंडस्ट्री के लिए नहीं, बल्कि पर्यटन और स्थानीय व्यापार के लिए भी उत्साहजनक खबर है।

जनवरी में यात्रियों के मामले में दिसंबर और उड़ानों में अक्टूबर का रिकॉर्ड टूटा। दिसंबर में इंदौर से 3.61 लाख यात्रियों का रिकॉर्ड था, जबकि अक्टूबर में उड़ानों का रिकॉर्ड 2,696 उड़ानों का था। जनवरी ने इन दोनों रिकॉर्ड्स को बहुत बड़े अंतर से तोड़ दिया है। एविएशन एक्सपर्ट नागेश नामजोशी के अनुसार, जिस तरह से इंदौर एयरपोर्ट पर यात्री और उड़ानों की संख्या में वृद्धि हो रही है, ऐसा अनुमान है कि अप्रैल तक इंदौर से हवाई यात्रियों की संख्या 4 लाख प्रति माह तक पहुँच सकती है। मार्च के अंत से नए समर शेड्यूल के लागू होने के साथ कई नई उड़ानों के जुड़ने की उम्मीद है, जिससे यात्रियों और उड़ानों की संख्या में और वृद्धि होगी। इस बढ़ती संख्या को देखते हुए एयरपोर्ट के विस्तार की आवश्यकता भी महसूस होने लगी है

## जश्न-ए-सत्तन मुशायरे में देशभर के शायरों ने बिखेरे जज्बात




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के बास्केटबॉल हॉल में आयोजित 'जश्न-ए-सत्तन' मुशायरे ने काव्य प्रेमियों को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। शहर के प्रबुद्धजन, नेताओं, उद्योगपतियों सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकप्रिय कवि सत्यनारायण सत्तन का विशेष सम्मान किया गया।**

मुशायरे में फिल्मी गीतकार शकील आजमी सहित देश के जाने-माने शायरों ने शिरकत की, जिनमें अबरार काशिफ, मैसर अफरीदी, शकील जमाली, नदीम शाद, स्वयं श्रीवास्तव, नदीम फारूक, नईम फ़राज़, जीशान इब्राहिम, हिमांशी बाबरा, मोनिका दुबे, मुस्ताक अहमद, रईस निजामी, तजदीक और इमरान युसूफ अहमद निसार शामिल रहे। सभी शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को रात 3 बजे तक बांधे रखा। विशिष्ट अतिथियों में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी आवेश खान, डॉ. इशरत अली, स्वप्निल कोठारी, जीतू सोनी, गोपीकृष्ण नेमा, खुरासान पठान और अक्षय कांति बम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हमार अंसारी और उनकी टीम के इस प्रयास को शहर के इतिहास में एक यादगार मुशायरे के रूप में याद किया जाएगा।

## मेट्रो में बाधक बन रहे वर्षों पुराने पेड़ों को ट्रांसप्लांट किए जाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। मेट्रो में बाधक बन रहे करीब एक दर्जन स्थानों से वर्षों पुराने पेड़ों को ट्रांसप्लांट किए जाने की तैयारी चल रही है और नगर निगम ने इसके लिए टेंडर जारी किए हैं। 1200 से ज्यादा पेड़ मेट्रो स्टेशन और सबस्टेशनों की चपेट में आ रहे हैं।**

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक मेट्रो अधिकारियों के साथ पूर्व में कई स्थानों का निरीक्षण करने के दौरान यह स्थिति सामने आई थी कि वर्षों पुराने पेड़ों को अन्य स्थानों पर ट्रांसप्लांट किया जाए और इसके लिए ऐसे स्थान चिन्हित कर लिए थे, जहां मेट्रो के कार्य होना है और साथ ही सबस्टेशन या स्टेशन बनना है। उद्यान विभाग के अधिकारी चेतन पाटिल के मुताबिक करीब 1200 से ज्यादा ऐसे पेड़ है, जिन्हें ट्रांसप्लांट किया जाएगा और उसके लिए स्थान भी चिन्हित करने का काम आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा। फिलहाल पेड़ों को ट्रांसप्लांट किए जाने के लिए निगम द्वरा टेंडर जारी किए गए हैं, ताकि एजेंसी की मदद से यह कार्य कराया जा सके। इससे पहले विजयनगर और उसके आसपास क अन्य क्षेत्रों में पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने के बजाए उन्हें काट दिया गया था, तब खूब हल्ला मचा था और इसी के चलते इस बार निगम पेड़ों को ट्रांसप्लांट कराने की मशक्कत में लगा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक ट्रेंजर आईलैंड, रीगल तिराहा, रेलवे स्टेशन, नगर निगम मुख्यालय क्षेत्र, राजबाड़ा, छोटा गणपति, बड़ा गणपति, बीएसएफ, एयरपोर्ट और कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं, जहां पेड़ ट्रांसप्लांट किए जाना है।

## गूंज उठीं शहनाईयां, विभिन्न समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शुभ वसंत पंचमी के मौके पर आज शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं के घर बसेंगे, वहीं आज विभिन्न समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में आयोजित किए जा रहे हैं , सुबह से देर रात तक शहर में खुशियों की शहनाईयां और बैंड बाजे गूंजेंगे।**

वसंत पंचमी को धर्मशास्त्रों और पंचांगों में अबूझ श्रेष्ठ मुहूर्त कहा जाता है , आज के दिन मांगलिक कार्य या शादियां करने के लिए पंडित से पूछने की जरूरत नहीं होती इसी के चलते आज शहर में शादियों की धूमधाम सुबह से देर रात तक रहेगी। दिन में जहां एक ओर जगह-जगह मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं दूसरी



ओर बैंड और शहनाइयों की धुन भी गूंजेगी। विभिन्न समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे, जिसके चलते शहर के सभी मैरिज हॉल, बैंक्वेट और होटल पहले से ही बुक है। शादियों को लेकर शनिवार को शहर के बाजारों में जबरदस्त भीड़ रही। राजबाड़ा, कपड़ा मार्केट , सराफा , बर्तन बाजार , मारोठिया में पैर रखने की जगह नहीं थी। बाजारों में लोग शादियों की तैयारी में खरीदारी करते नजर आए। कोरी कोली समाज का सामूहिक विवाह नदी ग्राम मैदान पाटनीपुरा पर आयोजित होगा, 9 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। मुराई मौर्य समाज का विवाह सम्मेलन इन्द्र पुरी कालोनी चन्द्रगुप्त मौर्य उद्यान में आयोजित होगा। 9 कन्याओं का निशुल्क विवाह कराया जाएगा। नार्मदीय ब्राह्मण समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा वहीं अहिरवार समाज का सामूहिक विवाह 3 फरवरी को संत रविदास धाम विजय नगर में आयोजित किया जाएगा। 11 जोड़े परिणय सूत्र बंधन में बंधेंगे।

## बसंत पंचमी पर मना खंडेलवाल दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर खंडेलवाल समाज ने अपना विशेष दिवस धूमधाम से मनाया। यह दिवस महर्षि खांडव द्वारा खंडेलवाल समाज की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सुंदरदास पारमार्थिक ट्रस्ट के तत्वावधान में नवलखा चौराहे (संत सुंदरदास चौराहा) पर स्थित प्रतिमा स्थल पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के सदस्यों ने संत सुंदरदास जी की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया। इसके साथ ही माता सरस्वती और संत सुंदरदास की आरती और पूजन किया गया। कार्यक्रम में भजनों का आयोजन भी किया गया, जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## सरस्वती और शिव परिवार का पुष्प-फलों से विशेष श्रृंगार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बिचौली मर्दाना मुख्य मार्ग स्थित श्री वैष्णव धाम में बसंत पंचमी पर 22वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में विराजमान मां दुर्गा, मां काली, मां सरस्वती एवं शिव परिवार का पुष्प और फलों से भव्य श्रृंगार किया गया। श्री जाग्रति महिला मंडल की सदस्याओं ने बताया कि संध्या 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक भक्तिमय माहौल में सुमधुर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल की सदस्यों ने मां और शिव परिवार का यशोगान किया। कार्यक्रम में सरिता छाबड़ा, इंदिरा दुबे, प्रभा खुराना, वंदना जायसवाल, रीटा मनोचा, सरोज राठी, उषा बंसल और दीप्ति शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। 3 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञशाला में मनीषियों के सान्निध्य में विश्व शांति के लिए विशेष यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्नेहलता गंज स्थित श्री गुजराती समाज के जिम में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नियमित रूप से जिम आने वाले सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जयेंद्र ठक्कर और दीपक शाह ने अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।**

कार्यक्रम में नवनीत पटेल, दीपक सोनी, पंकज ठक्कर, राजेंद्र पटेल,महेश पटेल ,निलेश पटेल, हेतल शाह, शैलेंद्र मकवाना, लोकेश शाह, रूपक टेलर, राजू पटेल, समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। महिला सदस्यों में प्रीति दीपक शाह, दक्षा ब्रह्मभट्ट, वैशाली व्यास, कामिनी पटेल, हार्दि पटेल, प्रीति शाह सहित अन्य महिलाएं और बच्चे भी मौजूद रहे। सभी ने फिटनेस के महत्व पर चर्चा की और नियमित व्यायाम को जीवन का अहम हिस्सा बताया। जिम के ट्रेनर करण वाघेला ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन और भी अधिक लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम समुदाय में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का एक सराहनीय प्रयास रहा, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया।



## मरीज तीन घंटे तक अस्पताल की गैलरी में खड़ा रहा, उतारने के लिए क्रेन बुलवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। अरबिंदो अस्पताल में भर्ती एक मरीज के कारण तीन घंटे तक उसके परिजन, अस्पताल स्टॉफ तिरपाल, जाल लेकर खड़े रहना पड़ा। गला काट कर आत्महत्या की कोशिश करने वाले युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। आत्महत्या के इरादे से वह अस्पताल की पांचवीं मंजिल की गैलरी में खड़े रहा।

उसे उतराने के लिए क्रेन भी बुलवाई गई। तीन घंटे बाद वह खुद उतर गया। वह गैलरी तक टायलेट के वेंटिलेशन की खिड़की से निकल कर आया था। मौके पर पहुंचे पुलिस जवान भी उनसे समझाने की कोशिश करते रहे।



पुलिस के अनुसार रामचंद्र नगर निवासी सियाराम ने कुछ दिनों पहले पारिवारिक विवाद के कारण गला काट कर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। वह अरबिंदो अस्पताल में भर्ती था। दोपहर में वह अस्पताल की पांचवी मंजिल की गैलरी में लोगों को खड़ा नजर आया। वह वहां से कुछ बड़बड़ा रहा था। सियायाम के परिजनों ने उससे नीचे उतरने की मन्नत की, लेकिन वह नहीं माना। सियाराम के बेटे ने बताया कि पिता टायलेट में गए थे और भीतर से दरवाजा लगा लिया। उन्होंने बाथरुम के वेंटिलेशन के कांच निकाले और खिड़की कूद कर गैलरी में आकर खड़े हो गए। वहां से वे बार-बार कूदने की धमकी दे रहे थे। हमने पुलिस को सूचना दी। नीचे पुलिसकर्मी, अस्पताल स्टॉफ और हम तिरपाल और जाल लेकर खड़े थे, ताकि वे कूदे तो हम उन्हें बचा सके. इस बीच पुलिस ने मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण में लगी एक क्रेन भी मौके पर बुलवा ली। पुलिस जवान क्रेन की मदद से उपर चढ़ते, उससे पहले ही सियाराम फिर खिड़की से भीतर चला गया और सीढ़ियों से नीचे आ गया। पुलिस अफसरों ने कहा कि सियाराम का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उधर अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीज को तत्काल छुट्टी दे दी और परिजनों को उसे घर ले जाने को कहा।

## निजी कंपनी की कर्मचारी युवती के साथ मारपीट और अभद्रता, वकील के खिलाफ केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आजाद नगर में रहने वाली निजी कंपनी की कर्मचारी युवती ने मारपीट और अभद्रता को लेकर बिल्डिंग में रहने वाले वकील के खिलाफ केस दर्ज कराया है। वहीं वकील की शिकायत पर युवती के फ्लैट मालिक के खिलाफ मारपीट और धमकी को लेकर केस दर्ज किया गया है।

आजाद नगर पुलिस ने 30 साल की युवती की शिकायत पर चाणक्य दीक्षित के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की है। पीड़िता ने बताया कि वह निजी कंपनी में जॉब करती है। निजी रेसीडेंसी में अपने ऑनर को लेकर कार पार्क करने गई थी। यहां फ्लैट मालिक ने निर्धारित पार्किंग से चाणक्य को कार हटाने के लिए कहा। चाणक्य नाराज हो गया। उसने पहले ऑनर को अपशब्द कहे फिर युवती के पास आकर धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। युवती की बहन बीचबचाव करने पहुंची। तो उनसे भी विवाद किया। वहीं चाणक्य ने बताया कि वह पेशे से वकील है। वह कार पार्क कर रहे थे। तभी मिस्टर राय और अन्य युवती वहां पहुंचे। उन्होंने चाणक्य की कार का शीशा ठोका। उन्होंने जब कांच उतारा तो मिस्टर राय ने कहा कि यहां पर कार क्यों खड़ी की है। जब कार हटाने लगे तो राय ने अपशब्द कहे। इसके बाद उन्होंने मुक्कों से मारपीट की। राय के साथ महिला मित्र ने भी अपशब्द कहे। उन्हें कहा कि आप लोगो ने शराब पी है। जिस पर वह धमकाने लगे। इस दौरान दोनों की हरकत का वीडियो बना लिया। पुलिस ने दोनों मामले में जांच शुरू की है।

## अवंतिका एक्सप्रेस से मुंबई जा रहे परिवार का बैग चोरी

**इंदौर, नप्र।** इंदौर से मुंबई जा रहे आईटी इंजीनियर के साथ उज्जैन के यहां चोरी की वारदात हो गई। चोर उनका बैग ले गया। जिसमें सोने के आभूषण, कैश और सोने की भगवान की प्रतिमा व मोबाइल थे। रतलाम में इंजीनियर ने ट्रेन से उतरकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आगर से आरोपी को पकड़ा है। रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तनय सेठी निवासी मुंबई पेशे से इंजीनियर है। अपने परिवार के साथ इंदौर एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। यहां से शनिवार को वह अवंतिका ट्रेन से मुंबई के लिए निकले।

## छेड़छाड़ का केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर इलाके में रहने वाले एक युवक के खिलाफ पीछा कर छेडछाड़ करने के मामले दर्ज किया है। पुलिस ने बताया इलाके में रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा की शिकायत पर अरूण राठौर निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। छात्रा ने बताया कि आरोपी से उसकी एक सहेली ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती करवाई थी। इसके बाद जब भी वह महू नाका के पास स्कूल जाती तो आरोपी उसके ऑटो रिक्शा से पीछा करते हुए आ जाता। ऑटो ड्रायवर ने इस हरकत को लेकर अरूण को टोका। बाद में छात्रा ने अपने परिवार को पूरी बात बताई। द्वारकापुरी पुलिस ने शनिवार को अरूण पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पॉस्को एक्ट सहित अन्य मामले में एफआईआर की गई है।

## छात्रा से परिचित ने की गंदी हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कोचिंग से वापस आ रही नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। लसूडिया क्षेत्र में शनिवार शाम कोचिंग से वापस आ रही नाबालिग को आरोपी ने रोककर उसके साथ गंदी हरकत की। जब नाबालिग ने चिल्लाने की कोशिश की तो मुंह बंद करके हाथ मरोड़ दिया। आरोपी का हाथ काटकर नाबालिग ने खुद को बचाया और वहां से भागी। उसकी शिकायत पर पुलिस ने पॉस्को एक्ट सहित अन्य मामला दर्ज कर रात को ही आरोपी हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया आरोपी की हरकत से नाबालिग शाम करीब 7 बजे घबराते हुए अपने घर पहुंची और दरवाजा लगाया। जब मां ने पूछा तो उसने बताया कि कोचिंग से घर आते समय ब्लॉक में रहने वाले विक्की भैया ने उसे रोककर हाथ पकड़ा लिया। नाबालिग ने शोर मचाने की कोशिश की तो मुंह दबाकर एक हाथ मरोड़कर अपनी तरफ खींचा। तब लड़की ने विक्की के हाथ में जोर से दांतों से काट लिया। आरोपी से छूटते ही वह भागकर घर पहुंच गई। पीड़िता के मुताबिक आरोपी पहले भी उसे गलत तरीके से देखने के बाद इशारे करता है। लेकिन लड़की ने यह बात परिवार को नही बताई।

## एक्टिवा की टक्कर से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। परदेशीपुरा इलाके में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह शनिवार सुबह फैक्ट्री से नाइट ड्यूटी कर अपने घर पैदल आ रहा था। रास्ते में उसे एक एक्टिवा ने टक्कर मार दी। रात करीब 3 बजे घायल ने दम तोड़ दिया। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना मालवा मिल के पास की है। यहां पर विनोद (45) पुत्र रामप्रसाद लहरी निवासी रुस्तम का बगीचा को एक एक्टिवा चालक ने लापरवाही पूर्वक टक्कर मार दी। हादसे में विनोद को सिर और हाथ पैरो में चोट आई। उसे उपचार के लिए एमवाय भेजा गया। यहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। परिवार ने बताया कि विनोद बडवाली चौकी स्थित खिलौने की फैक्ट्री पर कई सालों से काम कर रहे हैं। शनिवार सुबह वह पैदल ही अपने घर की तरफ आ रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। विनोद के परिवार में दो बेटे और एक बेटी व पत्नी है।

## मजदूर की सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भंवरकुआ में एक मजदूर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह रविवार की छुट्टी लेकर अपने परिवार से मिलने मांडव जा रहा था। बस से उतरने के दौरान उसे एक वाहन ने टक्कर मार दी। बाद में एबुलेंस से उसे एमवाय भेजा गया। राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक घटना बस स्टेंड के पास की है। सुरेश (35) पुत्र घनश्याम डाबर निवासी मांडव देर शाम इंदौर-देवास उपनगरीय बस से यहां पहुंचा। बस से उतरा तभी उसे एक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक भाग गया। मौके पर मौजूद लोगो ने एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल भेजा। यहां पर उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगो ने बताया कि सुरेश देवास में मकान निर्माण का काम करता है। उसके परिवार में पत्नी और दो बेटे व एक बेटी है। वह छुट्टी लेकर अपने परिवार से मिलने जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

# अब जापान के मॉडर्न मॉडल पर होगा मध्यप्रदेश का विकास

## कई बड़ी कंपनियां कर सकती हैं एमपी में निवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान से राज्य के लिए बड़ी खुशखबरी लाए हैं। उनकी चार दिवसीय यात्रा के दौरान जापान की कई बड़ी कंपनियों ने यहां निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई है। राज्य में जापान-मध्य प्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।**

प्रदेश में जल्द जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफेक्चरिंग हब की स्थापना हो सकती है। इसके अलावा सरकार ने राज्य में जापान प्लस सेल स्थापित करने का फैसला किया है। इसके तहत एक डेडिकेटेड टीम जापान के निवेशकों के साथ संपर्क और फॉलोअप करेगी। इतना ही नहीं, प्रदेश के विकास के लिए अब यहां जापानी मॉडल अपनाया जाएगा।

इस तरह मोहन सरकार के मिशन ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता-नारी शक्ति) को पूरा करने में जापान बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। जापान के निवेश करने से प्रदेश में औद्योगिक विकास, रोजगार, स्व-रोजगार सहित कई सेक्टर में जबरदस्त बदलाव आ जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस यात्रा के दौरान जापान के उद्योगपतियों-निवेशकों को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (GIS) का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 फरवरी की शाम स्वदेश लौटे। उन्होंने राजधानी नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि मध्य प्रदेश की ये महत्वपूर्ण जापान यात्रा राज्य के लिए अनेक संभावनाएं लेकर आई है। टोक्यो और ओसाका में आयोजित बैठकों-रोड-शो में जापानी कंपनियों ने मध्य प्रदेश में गहरी रुचि दिखाई है। जापान भारत का पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है, जिसने पिछले दो दशकों में भारत में 38 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 बिलियन डॉलर का है, जो निरंतर बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश और जापान के बीच मजबूत व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। सीएम डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहले से ही कई जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। ब्रिजस्टोन ने पीथमपुर में विश्वस्तरीय टायर प्रोडक्शन प्लाटं लगाया है। यह प्लांट रोजगार सृजन और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पैनासोनिक जैसी दिग्गज कंपनी ने प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।



### रोड-शो में शामिल हुईं ये बड़ी कंपनियां

सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि टोक्यो में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन शानदार रहा। 'सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप: फोकस मध्य प्रदेश' रोड-शो में जापान की प्रमुख कंपनियों और व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया। इसके दौरान मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश नीतियों और विशेष क्षेत्रों, फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोटिव और खाद्य प्रसंस्करण में अवसरों पर प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतिभागियों ने राज्य की बुनियादी सुविधाओं, कुशल श्रमशक्ति और व्यापार सुगमता में विशेष रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम में किटामुरा केमिकल्स, निप्पॉन कोएई इंजीनियरिंग, एप्सन, मित्सुई, हिताची, नोकिया, सुमितोमो, सोजिट्ज इंजीनियरिंग, यासुदा लॉजिस्टिक्स और जापान लॉजिस्टिक्स जैसी कंपनियों ने भाग लिया। इसी तरह ओसाका में हुए रोड-शो में युमेया-हाचिमन, याहाता इंजीनियरिंग, अल्पाइन जापान, मिकी कॉर्पोरेशन, डायोस, ओसाका गैस, कोइजुमी अपैरल, मोराबु हांशिन, कुबोटा, कंसाई पेंट।

# 'लूडो भाई' के बर्थडे का पोस्टर बना चर्चा का विषय




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** अक्सर आपने होर्डिंग पर नेताओं- अभिनेताओं के जन्मदिन पर बधाई के पोस्टर देखे होंगे। लेकिन देवास में एक अनोखा पोस्टर देखने को मिला है। देवास के भोपाल चौराहे पर लूडो भाई का एक पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। पोस्टर पर लूडो भाई को जन्मदिन की शुभकामना दी जा रही हैं। लूडो भाई एक कुत्ते का नाम है। इस कुत्ते के चाहने वालों ने एक अनोखे अंदाज में उसका बर्थडे सेलिब्रेट किया। पोस्टर पर लिखा है कि हमारे प्रिय, वफादार और खूंखार लूडो भाई को जन्मदिन की लख-लख बधाइयां। इन शुभकामनाओं के साथ-साथ नीचे एक अच्छा मैसेज भी लिखा गया है। पोस्टर पर लिखा है कि अपने भारतीय होने पर गर्व करें, देसी कुत्ते को गोद लें। इस पोस्टर पर ऊपर लूडो भाई के तीन दोस्तों की फोटो भी लगाई गई है। शहर के बीच में लोग गाड़ी रोककर इस पोस्टर को देख रहे हैं। इस कुत्ते लूडो भाई का बाकायदा केक काटकर बर्थडे भी मनाया गया है। लूडो के केक काटने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुत्ते को ओपेन जीप के बोनट पर बैठाकर उसे फूलों की माला पहनाकर पूरे शहर में घूमाया गया। फिर उसका केक काटकर जश्न मनाया जा रहा है। इस वीडियो की चर्चा पूरे शहर में हो रही है। बताया जा रहा है कि देवास में पहली बार किसी जानवर के बर्थडे पर इतना बड़ा पोस्टर लगा है। कुछ लोग इसे मजाकिया बता रहे हैं तो कुछ पशु प्रेमी इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# एमपी के श्रद्धालुओं की बस गुजरात में खाई में गिरी

## घायलों और मृतकों को सहायता राशि देगी मोहन सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस क्षेत्र के रामगढ़ के रहने वाले कुछ श्रद्धालुओं से भरी बस रविवार की सुबह 4:00 बजे गुजरात के डांग जिले के सापूतारा घाट पर बस खाई में गिर गई। इस बस में करीब 50 श्रद्धालु सवार थे। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतक और घायलों के परिजनों को सहायता राशि देने का भी ऐलान किया है।**

सीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं को द्वारका की ओर जा रही यात्री बस का नासिक-सूरत हाईवे पर गुजरात के सापुतारा घाट के पास खाई में गिरने से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में विदिशा निवासी ड्राइवर और शिवपुरी के चार यात्रियों का असामयिक निधन एवं 20 से अधिक यात्रियों के घायल होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। हादसे में हुए गंभीर घायलों की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सीएम ने आगे लिखा है कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। सभी मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4-4 लाख, गंभीर घायलों को 1-1 लाख के साथ समुचित इलाज की व्यवस्था एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों की पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान, घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा शोकाकुल परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शिवपुरी जिले 50 श्रद्धालु एक बस से 23 दिसंबर को रामेश्वर धाम की यात्रा पर गए थे। ये सभी यात्रा से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी सापुतारा से करीब ढाई किलोमीटर दूर घाट पर यह अचानक अनियंत्रित हो गई और हादसा हो गया। हादसे में 35 यात्री घायल हैं। इनमें से 16 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें डांग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक यात्री को सूरत रेफर किया गया है।

# पिता के दो टुकड़े कर अलग-अलग अंतिम संस्कार पर अड़े

## टीकमगढ़ में दो भाइयों के बीच विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़ में पिता की मौत के बाद दो बेटों के बीच उनके अंतिम संस्कार को लेकर विवाद हो गया। अंतिम यात्रा में शामिल होने आए नाते-रिश्तेदार और गांव के लोग उस वक्त हैरान रह गए, जब बड़े बेटे ने पिता के शव के दो टुकड़े कर अलग-अलग अंतिम संस्कार की बात कह दी।**



लोगों ने उन्हें समझाया कि ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन वह जिद पर अड़ गया। इस विवाद के बीच पिता का शव करीब 5 घंटे तक घर के बाहर जमीन पर पड़ा रहा। आखिरकार पुलिस बुलाना पड़ी। पुलिस ने जैसे तैसे समझाइश देकर शव का अंतिम संस्कार कराया। ये मामला टीकमगढ़ जिले के जतारा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ताल लिधौरा का है। जहां रविवार को 85 वर्षीय ध्यानी सिंह घोष का निधन हो गया था। ध्यानी सिंह के दो बेटे हैं। छोटा बेटा दामोदर सिंह और बड़ा बेटा किशन सिंह। छोटे बेटे दामोदर ने पिता की देखभाल की थी। पिता की मौत के बाद वह उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। तभी बड़ा बेटा किशन सिंह अपने परिवार के साथ वहां पहुंच गया और पिता के अंतिम संस्कार करने की जिद करने लगा। दामोदर ने इसका विरोध किया, क्योंकि किशन और उनके परिवार ने पिता की बीमारी के दौरान उनकी देखभाल नहीं की थी। स्थिति तब और भी गंभीर हो गई जब किशन ने पिता के शव के दो टुकड़े करने की बात कह दी। उसने भाई से कहा कि एक टुकड़े का अंतिम संस्कार तुम कर दो, एक टुकड़े का मैं कर दूंगा। परिजनों और रिश्तेदारों की समझाइश का कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को विवाद की सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बात की। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों की राय के अनुसार छोटे बेटे दामोदर को अंतिम संस्कार करने की अनुमति दी। पुलिस की मध्यस्थता के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस की मौजूदगी में छोटे बेटे दामोदर ने रविवार दोपहर 2 बजे के बाद पिता का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान पुलिस के कहने पर बड़ा बेटा किशन और उसका परिवार भी वहां मौजूद रहा।

जतारा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि पिता के अंतिम संस्कार को लेकर दोनों बेटों के बीच विवाद हो गया था। मौके पर पहुंच कर रिश्तेदारों और परिजनों से पूरी जानकारी लेने के बाद छोटे बेटे दामोदर से अंतिम संस्कार कराया गया है। बड़े बेटे को सलाह दी गई है कि वह भी पिता के अंतिम संस्कार में सहयोग करें। मृतक के छोटे बेटे दामोदर घोष ने बताया कि अंतिम समय में पिता उनके पास थे। पिछले कई दिनों से वह उनका इलाज करा रहे थे। रविवार सुबह उनकी मृत्यु के बाद जब अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे तो किशन, रिंकू, वृंदावन और महिलाएं घर आ गए। गाली गलौज कर पिता का शव घर से बाहर सड़क पर रखने को कहा। किशन ने कहा की खेत पर मैं जलाऊंगा। न तो खुद पिता का अंतिम संस्कार कर रहे और न मुझे करने दे रहे थे। मृतक के नाती धर्मेंद्र सिंह घोष ने बताया कि दादा के अंतिम संस्कार के लिए ट्रैक्टर से लकड़ी लेकर खेत पर जा रहा था। इसी दौरान उसके चाचा और उनके बेटों ने मारपीट की।

## संपादकीय

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में महिलाओं पर मेहरबान राजनीतिक पार्टियां

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार राजनीतिक पार्टियां महिलाओं पर अधिक मेहरबान दिख रही हैं। तीनों बड़ी पार्टियों ने महिला केंद्रित योजनाओं की घोषणा की है। महिला वोटरों की इस चुनाव में काफी बड़ी भूमिका देखी जा रही है। BJP, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में महिलाओं से कई वादे किए हैं और महिलाओं को खास प्राथमिकता दी है । BJP ने महिला समृद्धि योजना, मातृत्व लाभ, गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी का वादा किया है। AAP ने प्रति माह 2100 रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। कांग्रेस ने भी प्यारी दीदी योजना उतारी है। कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए काम करने वाली और वॉरियर मॉम की भवरीन कंधारी ने कहा कि फ्री में कैश देने का चलन सही नहीं है। इन महिलाओं को भी अब समझ में आ रहा है कि सरकार के पास पैसा नहीं है। उन्हें साफ पानी, साफ सफाई की अधिक जरूरत है। एक समय था जब सरकारी स्कूल के बच्चों को यूनिफॉर्म मिलती थी, लेकिन अब कैश मिल रहा है तो उसके नतीजे यह हैं कि पैसा पति छीन लेते हैं। बच्चों के पास यूनिफॉर्म नहीं है । यही हाल कैश की योजनाओं का है। निश्चित तौर पर बस में फ्री सफर का फायदा काफी हुआ है। आने जाने में इनकी हिचक खुल गई है। सरकार को इस तरह की योजनाएं लानी चाहिए कि इन्हें सर्विसेज मिले। आंकड़ों के अनुसार इस बार राजधानी में कुल वोटरों की संख्या 1 करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 है। इनमें 71 लाख 73 हजार 952 महिलाएं और 83 लाख 49 हजार 645 पुरुष वोटर हैं। वहीं थर्ड जेंडर के 1261 वोटर हैं। मतलब करीब 46 प्रतिशत महिला वोटर हैं। 1993 से 2020 तक चुनाव में कभी भी महिला विधायकों की संख्या 9 से अधिक नहीं रही। संसद में पास हो चुके महिला आरक्षण विधेयक 2023 में महिलाओं को 33% आरक्षण का प्रावधान है। 2020 में 79 महिला मैदान में थी। 7 विधानसभा चुनाव में अब तक 39 महिला विधायक बनी हैं।

### अर्ज किया है..!

*कोई समझे तो एक बात कहूँ*
*इश्क़ तौफ़ीक़ है गुनाह नहीं*

-फ़िराक़ गोरखपुरी

## OSHO कहिन

**"समस्या यह नहीं है कि भगवान मौजूद है या नहीं, समस्या यह है कि आप मौजूद हैं या नहीं।"**



## सैर सपाटा

# फरवरी महीने में कपल्स घूमने जा सकते हैं ये रोमांटिक जगह

## लव मंथ का ट्रिप हमेशा रहेगा याद

फरवरी का महीना प्यार का महीना कहलाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस महीने में वैलेंटाइन डे जो आता है। ये महीना प्यार के पंछियों का फेवरिट होता है। यही वजह है कि इस महीने में ज्यादातर कपल घूमने की प्लानिंग करते हैं। अगर आप भी फरवरी में अपने पार्टनर के साथ कहीं छुट्टियां बिताने जाना चाहते हैं और कोई रोमांटिक प्लेस की तलाश कर रहे हैं, तो चलिए हम आपको बताते हैं कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में।



### 1) दार्जिलिंग



दार्जिलिंग फरवरी में घूमने के लिए सबसे पसंदीदा हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। पश्चिम बंगाल में स्थित ये जगह चाय के बागानों से भरी है। यहां टाइगर हिल में एक टॉय ट्रेन चलती है जिसमें बैठकर आपको इस जगह की सभी सुंदर पहाड़ियां दिख जाएंगी। फरवरी में अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक छुट्टियां बिताने के लिए ये जगह बहुत अच्छी है।

### 2) महाबलेश्वर



महाबलेश्वर फरवरी में घूमने के लिए सबसे अच्छे डेस्टिनेशन में से एक है। यह जगह हरे-भरे प्रकृति और सुखद मौसम के साथ-साथ पहाड़ों से घिरी हुई है। झरनों और झीलों से सजी इसकी शानदार घाटियां देखने लायक हैं। मुंबई के पास इस जगह पर लोग वीकेंड पर जाना पसंद करते हैं।

### 3) गोवा



गोवा फरवरी में भारत में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह जगह सूरज की रोशनी वाले समुद्र किनारे और सांस्कृतिक डिशेज के साथ एक आकर्षक माहौल के लिए फेमस है। यहां घूमने के लिए काफी जगह हैं। आप गोवा में समुंद्र किनारे अपने पार्टनर के साथ सुकून के पल बिता सकते हैं।

### 4) हम्पी



सुंदर नजारों के लिए हम्पी एक फेमस जगह है। यूनेस्को की विश्व धरोहर मानी जाने वाली यह जगह एक हनीमून डेस्टिनेशन भी है। केले के बागान और बिखरी पहाड़ियां हम्पी शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक हो सकती हैं। यहां पर भी घूमने के लिए काफी जगह हैं।

New Delhi

# सावधान! आज से बदल रहा मौसम, यूपी-दिल्ली समेत कई राज्यों में होगी बारिश, मौसम विभाग का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ठंड एक बार फिर से वापसी करती नजर आ रही है। घने कोहरे और सर्द हवाओं का दौर लौट आया है। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह घना कोहरा देखा गया जिससे यातायात में परेशानियां हो रही हैं। साथ ही, ठंडी बढ़ने से लोगों की कंपकंपी भी छूटने लगी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने दिल्ली में सोमवार को घने कोहरे के साथ ही बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी में सोमवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 22 और 9 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान



है। दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 3 डिग्री अधिक रहा।

मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि पश्चिमी विक्षोभ आज से अपना असर दिखाएगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। राजस्थान के कई हिस्सों में नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 2 दिन बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कुछ भागों में ताजा पश्चिमी विक्षोभ 3-4 फरवरी के दौरान सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी व उत्तरी राजस्थान में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। इससे

Uttarpradesh

## शरीरिक संबंध बनाते समय महिला ने काटा पड़ोसी युवक का गला, हुई दर्दनाक मौत

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां भोजीपुरा थाना क्षेत्र के धुर समसापुर गांव में एक महिला ने 32 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी. क्योंकि व्यक्ति उसे ब्लैकमेल करके परेशान करता था. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि 35 वर्षीय आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया गया और उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है. मिश्रा ने बताया कि इकबाल नामक व्यक्ति का शव 30 जनवरी को उसके घर के अंदर सीढ़ियों पर पड़ा मिला था. 1 फरवरी को उसकी पत्नी शहनाज ने पड़ोसी महिला पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था.

जिसके बाद जांच में जुटी पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की. आरोपी महिला ने शुरू में पुलिस को गुमराह किया, लेकिन बाद में कड़ी पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली. पूछताछ में उसने बताया कि इकबाल उसे रिकॉर्ड किए गए फोन कॉल के जरिए ब्लैकमेल कर रहा था और कई बार उसके साथ दुष्कर्म भी कर चुका था. उत्पीड़न को और बर्दाश्त न कर पाने के कारण उसने उसकी हत्या की योजना बनाई. 29 जनवरी को जब इकबाल अकेला घर लौटा, तो आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया. इकबाल ने कथित तौर पर उसे दो बेहोश करने वाली गोलियां दीं और उसे अपने पति की चाय में मिलाने के लिए कहा. इसके बाद वह रात करीब 11:40 बजे वह इकबाल के घर गई, जहां उसने शारीरिक बनाए. इसी दौरान स्थिति का फ़ायदा उठाते हुए उसने अपने हाथों से उसके गले में फंसाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी.

Maharashtra

## गोधरा ट्रेन कांड का दोषी पुणे में चोरी के मामले में गिरफ्तार, जमानत मिलने के बाद से ही चल रहा था फरार

**पुणे, (एजेंसी)** साल 2002 में गोधरा ट्रेन कांड का दोषी सलीम उर्फ सलमान यूसिफ जारदा (55 वर्षीय) को महाराष्ट्र के पुणे में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि सलीम को गोधरा कांड में दोषी ठहराए जाने के बाद उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, लेकिन बीते साल सितंबर में जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि बीती 7 जनवरी को पुणे के ग्रामीण इलाके जुन्नार से करीब 2.49 लाख रुपये की कीमत के टायर और ट्यूब एक ट्रक से चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में ट्रक के ड्राइवर सोमनाथ गायकवाड़ ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ऐसा ही एक मामला नासिक में भी हुआ था। जिसमें सिन्नार पुलिस थाने और पुणे के मनचार थाने के इलाके में भी एक ट्रक से माल चोरी हुआ था। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि इन घटनाओं में कोई अंतर-राज्यीय गैंग शामिल है और पुलिस को ये भी पता चला कि इसमें शामिल चोर गुजरात के गोधरा के हैं।

Rajasthan

## हर बार नए नंबर लेते...पुलिस से बचने के लिए VPN का इस्तेमाल करते; नेपाल की 'नौकर गैंग' का पर्दाफाश

**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर की सर्द रात में जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब एक संगठित गिरोह अपने शातिर दिमाग से एक बड़ी साजिश को अंजाम दे रहा था। मोती डूंगरी थाना क्षेत्र की कानोता बाग कॉलोनी में 75 वर्षीय मंजू कोठारी के घर घुसकर डकैतों ने न केवल 62 लाख के गहने और नकदी लूट लिए, बल्कि उन्हें और उनके नौकरों को बंधक बनाकर अपने फरार होने की पूरी रणनीति भी पहले से तैयार रखी थी। इस वारदात की मास्टरमाइंड थी एक बेहद चालाक नौकरानी सावित्री और उसके साथी, जो टेक्नोलॉजी और लोकेशन ट्रैकिंग से बचने की कला में माहिर थे।

बता दें कि नेपाल के आठ बिसकोट निवासी मकदुल दमाई (40) और लालू गांव के दान बहादुर बोहरा (30) इस गिरोह के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पूछताछ में सामने आया कि लूट की



साजिश कई हफ्तों पहले रची गई थी। नौकरानी सावित्री ने बड़ी चतुराई से मंजू कोठारी के घर में अपनी जगह बनाई। वह सिर्फ एक नौकरानी नहीं थी, बल्कि गिरोह की आंख और कान थी। गिरोह के सदस्यों ने लूट की रात डेढ़ बजे वारदात को अंजाम दिया। मंजू कोठारी, उनकी नौकरानी और नौकर संदीप को एक कमरे में बंधक बना लिया गया। सभी के मोबाइल छीन लिए गए ताकि पुलिस को खबर देने का कोई मौका न मिले। कुछ ही मिनटों में गहने और नकदी बैग में भरकर वे फरार हो गए। बाहर खड़ा तीसरा साथी उन्हें कार से लेकर तुरंत जयपुर-आगरा हाईवे की ओर बढ़ गया।

खेल

# भारत ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता, फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को चटाई धूल

### चैंपियन भारत का रहा दबदबा, सात मैच 8+ विकेट या 60+ रन से जीते, पूरे टूर्नामेंट में रहे अजेय

**कुआलालंपुर, (एजेंसी)** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी बार महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। मलयेशिया के कुआलालंपुर के बेयूमास ओवल स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में निकी प्रसाद की टीम इंडिया ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। इससे पहले 2023 में शेफाली वर्मा की टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। इस पूरे टूर्नामेंट में भारत का दबदबा दिखा है। भारत ने सात में से सात मैच जीते और टीम अजेय रही। पिछली बार ऐसा नहीं हुआ था। 2023 में भारतीय टीम ने सात में से छह मैच जीते थे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर-सिक्स में हार का सामना करना पड़ा था।

निकी प्रसाद की टीम ने सात में से सात मैच अच्छे अंतर से जीते। इस दौरान टीम इंडिया ने सात में से पांच मैच आठ या इससे ज्यादा विकेट से जीते,



जबकि दो मैच 60 या इससे ज्यादा के अंतर से जीते। यानी भारत के सभी मुकाबले लगभग एकतरफा रहे। भारत को ग्रुप-ए में वेस्टइंडीज, मलयेशिया और श्रीलंका के साथ रखा गया था। 19 जनवरी को अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं, 21 जनवरी को दूसरे मैच में मलयेशिया को 10 विकेट से रौंद दिया था। 23 जनवरी को अपने तीसरे और आखिरी ग्रुप मैच में भारत ने श्रीलंका को 60 रन से हराया था।

सुपर सिक्स में भारत का सामना बांग्लादेश और स्कॉटलैंड से हुआ। टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सुपर सिक्स के मैच में आठ विकेट से शिकस्त दी। फिर स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंद दिया। टी20 मुकाबले में 150+ रन की जीत बड़ी जीत होती है। इस तरह भारत ने लगातार पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

सेमीफाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से हुआ। भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 20 ओवर में आठ विकेट पर 113 रन के स्कोर पर रोक दिया। फिर 15 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। इस तरह टीम इंडिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की टीम थी, जिसने अपने पिछले छह में से पांच मैच जीते थे। हालांकि, भारत की बेटियां कहां रुकने वाली थीं। उन्होंने 2023 की तरह एक बार फिर विपक्षी टीम को 100 रन के अंदर रोक दिया और फिर नौ विकेट से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। भारत ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। साल 2023 में खेले गए फाइनल में शेफाली वर्मा की टीम ने इंग्लैंड को 68 रन पर समेट दिया था और फिर 14 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया था।

सिनेमा

## ममता कुलकर्णी ने उधार लेकर दी थी ₹2 लाख गुरु दक्षिणा, बोलीं- आपको मालूम नहीं है मैं कैसे रह रही हूं



किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर चुनी गईं पूर्व एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी को भीतरी क्लेश के बाद हाल ही में पद से हटा दिया गया। ममता कुलकर्णी जब महामंडलेश्वर बनीं तो उनके बारे में तमाम तरह की खबरें इंटरनेट पर वायरल होनी शुरू हो गईं। सोशल मीडिया पर मीमर्स ने पोस्ट करने शुरू कर दिए और उनकी आर्थिक हालत को लेकर भी तमाम तरह की बातें हुईं। कुछ लोगों ने दावा किया कि ममता 10 करोड़ देकर महामंडलेश्वर बनी थीं। अब एक न्यूज शो में ममता कुलकर्णी ने बताया है उनकी आर्थिक हालत वैसी नहीं है जैसी लोगों को लगती है। उन्होंने बताया कि उनके पास दक्षिणा देने तक के पैसे नहीं थे। ममता कुलकर्णी ने न्यूज शो 'आप की अदालत' में उन आरोपों से इनकार किया जिनमें 10 करोड़ रुपये देकर उनके महामंडलेश्वर बनने की बात कही गई थी। पूर्व एक्ट्रेस ने कहा, 'मेरे पास 10 करोड़ तो क्या 1 करोड़ भी नहीं हैं। मेरे बैंक अकाउंट सीज कर दिए हैं सरकार ने। आपको मालूम नहीं है कि मैं किस तरह से रह रही हूं। मेरे पास पैसे नहीं हैं, किसी से उधार लिए थे 2 लाख, गुरु जी को जो दक्षिणा देनी होती है उसके लिए।' ममता कुलकर्णी की आर्थिक स्थिति को लेकर बात हुई तो उन्होंने कई और राज खोले।

## Highlights

1. **Backward classes form over 46 percent of Telangana's population**
2. **Maha Kumbh's third 'Amrit Snan' begins on Basant Panchami**
3. **Internal squabbles return to haunt Telangana Congress**
4. **Tax reforms and their consequences: A long term perspective**
5. **Need of the hour is a water commons policy: Odette Katrak**

# Income tax: 90% or more taxpayers may shift to new regime, says CBDT chief on Budget

**NEW DElHI, (Agency).** The Budget announcement of zero tax for earnings upto ₹12 lakh per annum and the rejig of tax slabs across the board should prompt more than 90 per cent of individual taxpayers to embrace the new tax regime as compared to the about 75 per cent as of now, CBDT Chairman Ravi Agrawal said on Sunday.

In a post-Budget interview exclusively to PTI, Agrawal said the government's and the Income-Tax Department's philosophy and approach is to ensure a "non-intrusive" tax administration in the country through an enhanced usage of Artificial (AI) apart from the regular human intelligence gathering mechanism.

The CBDT chief said the tax processes available to a "common" taxpayer for reporting their income were not "very complex" giving examples of the simplified ITR-1, pre-filled Income Tax Returns, automatic computation of Tax Deducted at Source (TDS) etc. available to them.




He also cited the new tax regime (NTR), where there are no deductions or exemptions allowed like the old regime, which has "simple" calculations for a taxpayer, enabling them to file their ITR without the help of a professional.

The Central Board of Direct Taxes (CBDT) is the administrative body, under the Union finance ministry, for the I-T Department.

Finance Minister Nirmala Sitharaman on Saturday announced significant income tax cuts for the middle class and declared that individuals earning up to ₹12 lakh per year will not have to pay any taxes, raising this exemption threshold from ₹7 lakh at present.

**बजट समीक्षा**

# लोकतंत्र-जनसांख्यिकी एवं माँग पर आधारित सुमंगल-साहसिक बजट : डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी

भारत के वित्तमंत्री के द्वारा बजट 2025 आज लोकसभा में पेश किया गया, जिसमें सरकार ने विकसित भारत के लक्ष्य तो साधने के लिये विभिन्न प्रावधानों, योजनाओं एवं कर छूट से मध्यम वर्ग के हृदय को जीत लिया। 12 लाख तक की आय पर कर से छूट मिलने के प्रावधान के बाद भारतीय बाज़ार, शेयर बाज़ार और मध्यम वर्ग में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। सेसेंक्स और निफ़्टी छलाँगें लगा रहे हैं।

ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी के विकास एवं कल्याण की कोई कसर सरकार के बजट में नहीं छोड़ी। कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यातों को दी गई  प्राथमिकता देश के सर्वांगीण विकास की नई इबारत लिखेगी। एम.एस.एम.ई के फ़ोकस्ड क्षेत्रों में 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रूपये का प्रावधान भारत के सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योगों की रीढ़ की हड्डी को मज़बूत करेगा, साथ ही साथ स्टार्ट-अप्स के सपोर्ट हेतु 10 हजार करोड़ का “'फंड ऑफ़ फंड्स' की घोषणा स्टार्ट-अप्स उद्यमियों के लिये ख़ुशी की लहर है।

कृषि क्षेत्र में दालों के प्रति सरकार का



प्रेम आगामी 6 वर्षों में दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाएगा, ऐसा विश्वास जगा है। खिलौनों के उत्पादन में आत्म निर्भरता लाने एवं विश्व खिलौना बाज़ार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिये 'नेशनल एक्शन प्लान फॉर टॉयज' मेक इन इंडिया के लक्ष्यों को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनेगा। सरकारी विद्यालयों में 50 हज़ार अटल टिंकरिंग लैबों की स्थापना से स्कूली विद्यार्थियों में रोबोटिक्स, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग आदि का ज्ञान बढने से इन्नोवेशन कल्चर बढ़ेगा और देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा।

भारतीय भाषाओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय भाषा पुस्तक योजना हेतु प्रावधान भी उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय है। इससे भारतीय भाषाओं के प्रति रूझान बढ़ेगा और भारतीय मेधा को और शक्ति मिलेगी। 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किलिंग' से कौशल विकास को जोर मिलेगा। सरकार के बजट में तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार हेतु अभिनव प्रावधान किये गये हैं जिनमें वर्ष 2014 के पश्चात् स्थापित 5 बड़े आई.आई.टी संस्थानों की क्षमता को बढ़ाने का प्रावधान किया गया है और अब 6500 सीटें बढ़ा दी जायेंगी, जिससे अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा के अवसर मिलेंगे। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में 3 बड़े सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना से देश में नवाचार एवं उद्यमिता विकास के साथ रोज़गार सृजन के अवसर बढ़ेंगे।

चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी इस बजट में सरकार की मंशा ठीक लगती है, जिसमें आगामी 5 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों में 75 हजार सीटों को बढ़ाने के लक्ष्य को लिया गया है, साथ ही 200 कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर्स की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है, जिससे स्वस्थ भारत के लक्ष्यों को साधने में सहायता होगी। इसके अलावा सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाओं को भी कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया, जिससे सरकार की समाज के प्रति प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है।

कहा जा सकता है कि सरकार ने लोकतंत्र-जनसांख्यिकी और माँग को ध्यान में रखते हुए इस लोकलुभावन एवं साहसिक बजट का ऐलान किया है। आशा है कि यह लोकलुभावन साहसिक बजट लोकतांत्रिक मूल्यों एवं देश के कोष पर भारी ना पड़े।

**(लेखक डॉ. वित्त विशेषज्ञ व ऑक्सफ़ोर्ड इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज, इंदौर में प्रोफ़ेसर एवं समूह निदेशक हैं)।**

# अहिल्या माता का शौर्य और प्रेम चित्रों में दिखा जीवन का हर रंग



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर**। अहिल्या बाई होलकर के त्याग, शौर्य और कुशल नेतृत्व की कहानियां तो हमने बचपन से सुनी हैं लेकिन आज इन्हीं कहानियों को कुछ युवा कलाकारों ने जीवंत कर दिखाया है। डीएवीवी में आयोजित नर्मदा साहित्य मंथन में लगी इस पेंटिंग एग्जीबिशन में मां अहिल्या के जीवन के उन किस्सों को भी दर्शाया गया है जो कहीं न कहीं छुपे हुए थे और उनके बारे में चर्चा कम ही होती थी। शहर के तीन कालेजों के 25 छात्रों ने यहां पर 25 अलग अलग पेंटिंग्स बनाईं हैं जो उनकी जीवनगाथा को सुनाती हैं।

विश्व संवाद केंद्र के पीयूष शर्मा ने बताया कि पेंटिंग एग्जीबिशन लगाने का विचार आया तो सबसे पहले यह तय करना था कि छात्रों को किस किस विषय पर पेंटिंग बनाने को कहा जाए। हमने सभी छात्रों से कहा कि आप पहले मां अहिल्या के जीवन का अच्छे से अध्ययन करें फिर खुद उनके जीवन के एक पहलु का चयन करें। इसके बाद किसी ने उनके बचपन, किसी ने उनके विवाह तो किसी ने उनके युद्ध जैसे विषयों का चयन किया। पीयूष शर्मा ने बताया कि यहां पर गर्वनमेंट फाइन आर्ट कालेज, ग्रैफिटी कालेज और क्रिन्सन कालेज के छात्रों ने पेंटिंग्स बनाई है।

कई छात्रों ने मां अहिल्या के जीवन के उन किस्सों को भी जीवंत करने का प्रयास किया है जिनके बारे में लोग कम ही जानते हैं। ओजस्वी वानखेड़े ने बताया कि उन्होंने जो पेंटिंग बनाई है वह मां अहिल्या और उनके जीवनसाथी खांडेराव होलकर के बीच के प्रेम को दर्शाती है। ओजस्वी ने बताया कि जब अहिल्या मां की शादी तय हुई तब वे शादी नहीं करना चाहतीं थी, वे अपनी शिक्षा जारी रखना चाहतीं थी। परिस्थिति इस तरह बनी की उन्हें शादी करना पड़ी और उन्हें लगा कि अब उनकी शिक्षा अधूरी छूट जाएगी। शादी के बाद जब वे खांडेराव होलकर के घर गईं तो यह बात उन्होंने खांडेराव होलकर को बताई। इसके बाद खांडेराव होलकर उन्हें खुद पढ़ाने लगे। मां अहिल्या उन्हें कहतीं थी की जब खांडेराव उन्हें पढ़ाते हैं तो उन्हें सब समझ आ जाता है और इसलिए हमेशा वे उन्हीं के साथ पढ़ाई करतीं थी।

### इन छात्रों ने बनाई पेंटिंग्स

1. नंदनी चौहान
2. साक्षी मिश्रा
3. दिशा मालवीय
4. मुस्कान गुप्ता
5. भावना विश्वकर्मा
6. ओजस्वी वानखेड़े
7. अनुष्का भटाने
8. दिशा चौकसे
9. उदय जायसवाल
10. प्रेम श्रीवास
11. राहुल साहा
12. कृष्णा लोधी
13. लोकेश आर्य
14. शादाब अहमद समेत अन्य 25 छात्रों ने पेंटिंग्स बनाई है।

# चिड़ियाघर में 450 लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के गुर सिखाए



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। थाना संयोगितागंज क्षेत्र में स्थित चिड़ियाघर पार्क में 2 फरवरी को मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 'सेफ क्लिक' जन संवाद अभियान के तहत एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लगभग 450 नागरिकों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साइबर फ्रॉड के विभिन्न प्रकारों, जैसे वित्तीय धोखाधड़ी और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया गया। पुलिस टीम ने सभी प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की शिकायत के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम पोर्टल www.cybercrime.gov.in और इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जागरूकता पम्पलेट्स और स्टिकर्स भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह, थाना प्रभारी सतीश पटेल, टू आई सी एवं बीट प्रभारी अरविंद खत्री सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक